**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

विश्वविद्यालय के भीमराव अम्बेडकर छात्रावास सभागार में पूज्य बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में उनको श्रद्धांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर महापरिनिर्वाण दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं ने बाबासाहेब के जीवन पर आधारित गीत एवं कविता प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह; अधिष्ठात्री प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, डा. अलकनंदा अशोक; छात्रावास अभरक्षिका, डा. सोनिका चौहान एवं सहायक अभिरक्षिका जया भाकुनी उपस्थित थे। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा विद्यार्थियों को बाबासाहेब द्वारा किए गए समाज के लिए विभिन्न कार्य तथा संविधान के निर्माण में योगदान से अवगत कराया। डा. अलकनंदा अशोक द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण में बाबासाहेब योगदान की बात कही।

**निदेशक संचार**